हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 2 जुलाई 2026

04 मुख्य मार्गों पर अवैध कट पॉइंट को बंद करें बनाने...



07 15,481 अभ्यर्थी 8 केंद्रों पर शिक्षक पात्रता...





## खबर संक्षेप



### श्री मालवीय द्वारा प्रभारी सहायक संचालक, आगर-मालवा का पदभार ग्रहण

**नलखेड़ा।** प्रभारी सहायक संचालक,जनसंपर्क जगदीश चंद्र मालवीय ने मंगलवार को जिला जनसंपर्क अधिकारी, आगर-मालवा के पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। श्री मालवीय का स्थानांतरण नीमच जिले से आगर-मालवा जिले में हुआ है। जिले में पहुंचने पर प्रभारी सहायक संचालक श्री मालवीय का विभागीय कर्मचारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यालय के रामभरोस दाधीच, आरती मेवाड़ा, अंबाराम पांडे, ईश्वर मालवीय, अभय शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मानसून में विद्युत लाइनों से दूरी बनाएं

**नलखेड़ा।** म.प्र.प.क्षे.वि.वि. कंपनी लिमिटेड, आगर वृत्त के अधीक्षण यंत्री रत्नेश अयाची ने विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव एवं ऊर्जा बचत हेतु उपभोक्ताओं, ग्रामवासियों से अपील की है। उन्होंने अपील की है कि विद्युत हादसों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आंधी-तूफान से तार टूटने या खंभे गिरने पर स्वयं न छुएं। तुरंत निकटतम विद्युत कार्यालय/कर्मचारी को सूचना दें। तार से पर्याप्त दूरी बनाए रखें। सुरक्षित दूरी रखें - विद्युत लाइनों के नीचे/आसपास ऊंचे पेड़, तंबू, गंजी, कटी फसल के ढ़ेरिया, पांडाल आदि न बनाएं। लाइन के नीचे अनाज न सुखाएं। पतंग/धागा नही उड़ाए- विद्युत लाइनों पर पतंग का धागा न उड़ाएं। बच्चों को खंभों पर चढ़ने से रोकें। बिजली चोरी अपराध - कटिया, बाईपास, केबल वायर से अवैध कनेक्शन लेना दंडनीय अपराध है। ऐसी गतिविधियों पर कानूनी कार्यवाही होगी। अन्य सावधानिया - विद्युत खंभे/स्टे-वायर पर जानवर न बांधें। गीले हाथों व नंगे पैर विद्युत उपकरण न चलाएं। उपकरण चलाने हेतु लम्बे जोड़ वाले तारों का उपयोग न करें। अधीक्षण यंत्री ने कहा कि थोड़ी सावधानी से बड़े हादसे रोके जा सकते हैं।

### प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** सीहोर जिले के लाड़कुई स्थित माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा 6 वीं, 7 वीं और 8 वीं में जनजातीय वर्ग की छात्राओं के प्रवेश पंजीयन के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए है। पंजीयन के लिए कन्या शिक्षा परिसर अथवा जनजातीय कार्य विभाग के जिला कार्यालय से आवेदन फार्म निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन जमा करने करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2026 है।

### सड़कें बनी जलाशय, पार्षद ने ट्यूब डालकर तैराकी कर किया प्रदर्शन

# मानसून का जोरदार आगाज, पहली बारिश में खुली पोल, नालियां ओवर फ्लो, सड़कें बन गई तालाब

बुधवार को जिले में हल्की से मध्यम बारिश के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। इसके बाद, 2 और 3 जुलाई को जिले में गरज-चमक के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/इछावर/भैरुंदा

सीहोर जिले में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें आगामी दिनों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना जताई गई है। पिछले 24 घंटों में जिले में लगभग 0.47 इंच बारिश दर्ज की गई है, जिससे मौसम सुहावना हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून बुलेट की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है और अगले 2 से 3 दिनों में पूरे मध्य प्रदेश को कवर कर लेगा। सीहोर में 1 जुलाई से झमाझम बारिश का नया दौर शुरू होने की प्रबल संभावना है। वहीं, 2 जुलाई से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

बुधवार को जिले में हल्की से मध्यम बारिश के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। इसके बाद, 2 और 3 जुलाई को जिले में गरज-चमक के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

**48 घंटों में ठंडक घुलने की उम्मीद :** बारिश की लंबी अनुपस्थिति के कारण उमस और तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन आगामी 48 घंटों में तेज बारिश के बाद मौसम में ठंडक घुलने की उम्मीद है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक हुई वर्षा के आंकड़े भी सामने आए हैं। आष्टा क्षेत्र में कुल 1.18 इंच बारिश दर्ज की गई है, जबकि इछावर में मानसून की शुरुआती फुहारों से 0.78 इंच औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। भैरूंदा में नदी तटीय क्षेत्रों के पास होने के कारण 1.37 इंच बारिश हुई है। बुधनी और रेहटी के पहाड़ी इलाकों में पिछले कुछ दिनों में कुल 1.57 इंच तक पानी गिर चुका है। श्यामपुर में 0.98 इंच वर्षा दर्ज की गई है, जहां किसान बोनी की तैयारी में जुटे हैं। मौसम विभाग ने सलाह दी कि आगामी दो-तीन दिनों के दौरान बिजली चमकने या कड़कने पर पेड़ों और ऊंचे खंभों के नीचे शरण न लें। किसानों को भी सटीक स्थिति को देखते हुए ही खेतों में फसलों की बुवाई का कार्य करने की हिदायत दी गई है।



**इछावर।** पहली बारिश में ही सड़कें जल मग्न हो गई। सड़कों पर बच्चों अठखेलियां करते हुए।



**आष्टा।** बुधवारा क्षेत्र में भी पहली बारिश में ही सड़कों पर भरा पानी, जिसमें तीन बाइकें बह गईं।

### सड़कें बनी जलाशय, ट्यूब डालकर तैराकी कर किया प्रदर्शन



**इछावर ।** मंगलवार दोपहर में हुई जोरदार बारिश ने एक बार फिर नगर के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल दी है। करीब आधा घंटे हुई झमाझम बारिश के कारण अधिकांश सड़कें जलाशय में तब्दील हो गई। निकासी के अभाव में नालियों का पानी कई घर और दुकानों में घुस गया। इससे रहवासी व दुकानदारों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं निचली बस्तियों और सड़कों पर हुएं जलभराव मे वार्ड नंबर 15 के कांग्रेस पार्षद जुनेद खान ने ट्यूब डालकर तैराकी कर नगर परिषद के खिलाफ प्रदर्शन किया। मंगलवार को हुई बारिश एक बार फिर नगरवासियों के लिए आफत बन गई। दरअसल नाला और नालियों की समुचित सफाई नहीं होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाई। इसके चलते बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया। जिससे वार्ड नंबर 15 के कांग्रेस पार्षद जुनैद खान ट्यूब डालकर तैराकी कर प्रदर्शन किया है।

### नाले की अनदेखी बनी आफत, पहली बारिश में घरों में घुसा पानी




**भैरुंदा।** लाड़कुई कस्बे में मानसून की पहली बारिश ने जल निकासी व्यवस्था की तैयारियों की हकीकत सामने ला दी। नाले की सफाई नहीं होने और उस पर बढ़ते अतिक्रमण के कारण पानी का बहाव रुक गया, जिससे कई घरों में पानी भर गया और मुख्य मार्गों पर जलभराव की स्थिति बन गई। ग्रामीणों के अनुसार पिछले वर्ष प्रशासन ने आवेदन मिलने पर नाले की सफाई कराई थी, जिससे पूरे बारिश के मौसम में जलभराव की समस्या नहीं आई। लेकिन इस वर्ष बरसात से पहले नाले की सफाई नहीं होने से पहली ही बारिश में लोगों के घरों में पानी घुस गया। जलभराव का असर शिक्षा व्यवस्था पर भी पड़ा। कस्बे में कॉलेज की परीक्षाएं चल रही हैं, लेकिन कई छात्र रास्ते बंद होने के कारण परीक्षा केंद्र तक नहीं पहुंच सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाले पर लगातार हो रहे अवैध निर्माण और अतिक्रमण से पानी की निकासी बाधित हो रही है, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल नाले की सफाई, अतिक्रमण हटाने और स्थायी जल निकासी व्यवस्था बनाने की मांग की है, ताकि आगामी बारिश में लोगों को ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## पीएम पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत कुक कम हेल्पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**32 समूह के रसोइयों ने की सहभागिता, प्रथम पुरस्कार धानियाखेड़ी समूह को मिला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय आजीविका भवन में कुक कम हेल्पर प्रतियोगिता का जनपद स्तरीय आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्विनी पाटीदार द्वारा की गई। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, बड़गांव मंडल अध्यक्ष दरबार सिंह, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ईश्वरसिंह आदि अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता में कुल 32 समूह के रसोइयों ने सहभागिता की। जिसमें प्रथम पुरस्कार धानियाखेड़ी समूह, द्वितीय पुरस्कार मोल्याखेड़ी



समूह एवं नलखेड़ा समूह, तृतीय पुरस्कार मां कृपा समूह रिंछि,आनंदीखेड़ी, पिपलिया सेत को प्राप्त हुआ। सांत्वना पुरस्कार छालडा,भैंसोदा, बास्या को प्रदान किया गया। निर्णायक समिति में उर्मिला सोनी, सावित्री सूर्यवंशी, सोनाली शर्मा थी। प्रतियोगिता के दौरान भाजपा मंडल महामंत्री बीरम मालवीय, जनपद सदस्य मुकेश पाटीदार, रामकरण, गोवर्धन फ़ागना, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक चंदनबाला फ़ाफ़रिया, आजीविका मिशन अधिकारी शिवकुमार खटीक, एमडीएम प्रभारी सतीश नागर,जनपद पंचायत एमडीएम प्रभारी सोहन बैरागी एवं समस्त जन शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बीएसी सतीश नागर द्वारा एवं आभार ओमप्रकाश राठौड़ द्वारा किया गया।


चतुर्थ ध्वजारोहण पर जैन मंदिर में दो दिवसीय धार्मिक आयोजन

## गादिया परिवार चढ़ाएगा सुविधिनाथ परमात्मा के शिखर पर मुख्य धर्म ध्वजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

परम पूज्य गच्छाधिपति नित्यसेन सुरिश्वरजी म.सा की आज्ञानुव्रतीं साध्वी सवेंग प्रिया श्री जी म.सा आदि ठाणा 6 की मंगलकारी निश्रा में महिदपुर रोड पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन संपन्न किए जायेंगे। आयोजन के तहत बुधवार को राजेंद्र सूरी अष्टप्रकारी पूजन का आयोजन दोपहर 2 बजे किया गया। पूजन अ.भा. राजेंद्र जैन महिला परिषद महिदपुर रोड द्वारा सुमधुर भक्ति गीत एवं संस्कृत के श्लोक के माध्यम से विधि विधान के साथ पढ़ाई गई। पूजन का लाभ स्वर्गीय सुशीला बाई, स्वर्गीय भेरूलाल चोरडिंया की स्मृति में अजय कुमार, आशीष कुमार, हितांश, अविश चोरडिया परिवार द्वारा लिया गया। मुख्य दिवस आज गुरुवार को स्नात्र पूजा 7:30 बजे, सत्तहभेदी पूजा 8:30 बजे, ध्वजारोहण 10:30 बजे, पूजन पश्चात स्वामीवात्सल्य का आयोजन सुबह 11:45 बजे,लाभार्थी गादिया परिवार द्वारा किया जाएगा।



जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताएं कि द्वितीय दिवस मुख्य ध्वजारोहण, स्वामी वात्सल्य एवं संपूर्ण दिवस का मंगलकारी लाभ सुविधिनाथ भगवान की अमर ध्वजा के मुख्य लाभार्थी स्वर्गीय चंदरबाई, स्वर्गीय अमृतलाल गादिया की पुण्य स्मृति में रमेशचंद वर्धमान, रिचिन, राज ,अव्यान, आरव गादिया परिवार महिदपुर सिटी द्वारा लिया जायेगा। गुरुदेव राजेंद्र सूरी जी की ध्वजा का लाभ रमेशचंद दिनेश जैन बौस,राजेश कुमार, राहुलकुमार बोथरा परिवार, पुण्य सम्राट की ध्वजा का लाभ अजय कुमार आशीष कुमार हितांश अविश चोरडिया परिवार द्वारा लिया जायेगा लाभार्थी परिवार द्वारा सकल जैन श्री संघ से अनुरोध किया गया है कि गया है कि ध्वजारोहण के मंगलकारी कार्यक्रम में सपरिवार पधारकर जिन शासन की शोभा में अभिवृद्धि करें।

**औषधीय पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

## डॉक्टर्स डे पर जिला चिकित्सालय में हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारत विकास परिषद द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर जिला चिकित्सालय आगर मालवा में पर्यावरण संरक्षण के लिए वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर में आम, जामुन, अशोक, पारिजात, नीम, पीपल आदि औषधीय पौधे रोपित किए गए। पौधारोपण में जिला चिकित्सालय के विषय विशेषज्ञ चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग ऑफिसर एवं कार्यालयीन स्टाफ ने सहभागिता की। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ. विवेक मालानी, सचिव डॉ. चंचल शर्मा, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल, प्रांतीय पदाधिकारी पारस जैन, कैलाश माहेश्वरी एवं डॉ. संदीप कुमार चौपड़ा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश देहलवार एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ.





मनीष कुरील का अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मान किया गया। परिषद द्वारा सभी चिकित्साधिकारियों एवं उपस्थितजनों से किया आव्हान किया कि वृक्षारोपण आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का हिस्सा है। रोपित पौधों की आगामी 1 वर्ष तक सुरक्षा एवं पालन-पोषण कर उन्हें वृक्ष का स्वरूप प्रदान करें, जिससे आगामी पीढ़ी का पोषण आयुर्वेद के आधार पर



हो सके। डॉक्टर्स डे पर जिला चिकित्सालय में पदस्थ समस्त विषय विशेषज्ञ एवं चिकित्सा अधिकारियों का भारत विकास परिषद ने स्वागत एवं सम्मान किया। आभार सचिव डॉ. चंचल शर्मा ने व्यक्त किया गया। इस अवसर पर डॉ. जे.सी. परमार, डॉ. आर.एल. मालवीय, डॉ. शशांक सक्सेना, डॉ. के.के. सागरिया, आरएमओ डॉ. विजय सागरिया सहित जिला चिकित्सालय का समस्त वरिष्ठ चिकित्सकीय एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित था।

## डॉक्टर्स डे पर आगर मालवा में चिकित्सकों का सम्मान समारोह हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

**रो.क. समिति सदस्य जैन ने चिकित्सकों का किया सम्मान**

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर जिला चिकित्सालय आगर मालवा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में जिला चिकित्सालय में पदस्थ सभी विषय विशेषज्ञ एवं महिला चिकित्सकों का सम्मान किया गया। रोगी कल्याण समिति के सदस्य पारस जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। रोगी कल्याण समिति सदस्य श्री जैन ने डॉ. मनीष कुरील तथा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह परिहार का अभिनंदन किया तथा सभी चिकित्सकों को मोतियों की माला एवं बाबा महाकाल के स्मृति स्वर्ण सिक्के भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में डॉ. मनीष कुरील ने चिकित्सकों को सेवा, समर्पण एवं संवेदनशीलता के साथ मरीजों का



उपचार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मानव जीवन रक्षा हेतु चिकित्सकों के योगदान की सराहना की। इस अवसर पर आरएमओ डॉ. विजय सागरिया ने नवीन मध्यप्रदेश डॉक्टर्स एसोसिएशन से जिले के सभी चिकित्सकों को जुड़ने का आह्वान किया। संचालन नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र कैथवाल ने किया। समारोह में डॉ. जे.सी. परमार, डॉ. आर.एल. मालवीय, डॉ. शशांक सक्सेना, डॉ. के.के. सागरिया सहित समस्त वरिष्ठ चिकित्सकगण एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित था।

## खबर संक्षेप

### शिक्षिका की सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई



**चापड़ा।** हाई स्कूल मातमोर में पदस्थ शिक्षिका प्रमिला भंवर के अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्त समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। प्रमिला भंवर ने विद्यालय में लगातार 30 वर्षों तक शिक्षकीय सेवाएं प्रदान की। वे सरल, ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिका के रूप में जानी जाती रही। समारोह में शिक्षिका को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर समानित किया गया। कार्यक्रम में चापडा संकुल प्राचार्य बहादुर सिंह भदोरिया, राजेन्द्र सिंह तोमर,गजेंद्र शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश उपाध्याय ने व्यक्त किया।

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत लगाया गया पौधा



**भौरासा।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पूर्व जिला अध्यक्ष नंदकिशोर पाटीदार ने अपने जन्मदिन को पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित किया। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर दत्तोत्तर में पौधरोपण कर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर प्रमोद पालीवाल, राधेश्याम कुमावत, आकाश जायसवाल और शांतिलाल कुमावत भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी पूरी देखभाल करने का संकल्प लिया। नंदकिशोर पाटीदार ने कहा कि मां के नाम एक पेड़ लगाना सबसे बड़ा पुण्य है। हर व्यक्ति को अपने जीवन के खास मौकों पर पौधरोपण जरूर करना चाहिए।₹कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने पर्यावरण बचाने की शपथ ली और समाज को हरियाली का संदेश दिया।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# मुख्य मार्गों पर अवैध कट पॉइंट को बंद करें बनाने वालों पर कार्रवाई की जाए: कलेक्टर

### जिले में हाई स्कूल और कॉलेजों के आसपास सिगरेट, गुटका की दुकान लगाने वालों पर कार्यवाही करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने यातायात व्यवस्था, महिला अपराध रोकथाम, एसटी/एससी अपराध, नशा मुक्ति, चिन्हित अपराध, गबन धोखाधड़ी और अवैध खनन संबंधी विषयों पर विस्तृत समीक्षा की। बैठक में नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, एसडीएम अभिषेक शर्मा, सहित जिला अधिकारीगण एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने कहा कि बरसात के मौसम में गोवंश मार्गों पर बैठ जाते हैं। इंदौर-देवास और देवास-भोपाल रोड पर इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कहीं पर भी गोवंश मार्ग पर नहीं बैठे। गोवंश को मार्गों से हटाकर गौशालाओं में शिफ्ट करने का कार्य करें। जिले में गोवंश को मार्गों से हटाने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करें, जिससे कोई भी नागरिक जानकारी दे सकें। ट्रॉफिक और राजस्व की टीम लगातार निरीक्षण करते रहे, हाईवे पर कोटवार की ड्यूटी भी लगाए ताकि रोड पर गोवंश नहीं आए। एमपीआरडीसी और एनएच की गाडियां लगातार पेट्रोलिंग करती रहें। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिये कि जिले में मार्गों पर अवैध कट पॉइंट को बंद करें। कट पॉइंट को बंद करने के पश्चात यदि कोई पुनः अवैध कट पाईंट बनाता है तो उन पर कार्यवाही करें। ढाबा और पेट्रोल पंप वाले अवैध कट पॉइंट बनाते है तो उनपर भी कार्यवाही करें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि देवास में रसूलपुर चौराहा पर निर्माणाधीन पुल की सर्विस रोड को व्यवस्थित कर यातायात सुगम बनाएं और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें। वहां पर निर्माणाधीन पुलिया से संबंधित बोर्ड और सीसीटीवी कैमरे लगाए, जिससे ट्रॉफिक जाम की स्थिति में मानिटरिंग की जा सके। बरसात को देखते हुए विशेष व्यवस्था रखें, जिससे जाम की स्थिति निर्मित ना हो। कलेक्टर सिंह ने कहा कि देवास शहर एवं एमजी रोड पर चल रहे कार्यों को नगर निगम शीघ्र पूर्ण करें। संबंधित अधिकारी प्रतिदिन कार्य निरीक्षण करते रहे। नगर निगम शहर में गड्ढों को भरने की कार्यवाही करें, जहां पर घटना हो सकती है वहां बैरिकेट और चेतावनी बोर्ड लगाए। बैठक में कैलादेवी चौराहा, विकास नगर चौराहा और नागोरी पॉइंट पर यातायात नियंत्रण के लिए चर्चा की गई। सिंह ने कहा कोटपा अधिनियम के तहत जिले में हाई स्कूल और कॉलेजों के आसपास सिगरेट, गुटका की दुकान लगाने वालों पर कार्यवाही करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि स्कूल और कॉलेज के पास कोई भी सिगरेट गुटका की दुकान नहीं होना चाहिए। पुलिस विभाग अभियान चलाकर कार्यवाही करें।

उन्होंने पुलिस विभाग को ड्रग्स के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये तथा थानेवार प्रतिमाह रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने बताया कि सभी के सामूहिक प्रयासों से विगत वर्षों की तुलना में इस वर्ष घटनाओं को रोकने में हम कामयाब हुए हैं। सभी इसी अप्रोच से कार्य करें, जिससे की घटनाओं में और कमी लाई जा सकें। बरसात को देखते हुए सभी विशेष रूप से सर्तक रहें, जिससे संभावित घटनाओं को रोका जा सकें।

### पेंशनर्स की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मप्र शासन की उदासीनता के कारण वर्षो से मप्र के पेंशनरो की न्यायोचित मांगो के निराकरण नही होने से प्रांतीय निकाय के आव्हान पर प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मप्र, जिला देवास के पदाधिकारियों ने प्रदेशभर के पेंशनर्स की लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर के माध्यम से जिलाध्यक्ष गंगासिंह सोलंकी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। संगठन सचिव एस.के. शाह ने बताया कि प्रदेश के सभी वर्गों के पांच लाख से अधिक पेंशनर्स की वर्षों से लंबित न्यायोचित मांगों का समाधान नहीं होने से पेंशनर्स एवं उनके परिवारों में शासन के प्रति गहरी निराशा और असंतोष व्याप्त है। प्रदर्शन के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उपस्थित पेंशनरो को संबोंधित किया। पेंशनरो ने प्रतिनिधि संयुक्त कलेक्टर प्रियल यादव को ज्ञापन सौंपा और अपनी मांगो का वाचन किया। ज्ञापन में एसोसिएशन ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों में मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) समाप्त करने, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना में पेंशनर्स पर प्रस्तावित 4 प्रतिशत प्रीमियम समाप्त करने अथवा कर्मचारियों के समान 1 प्रतिशत प्रीमियम निर्धारित करने, महंगाई राहत नियमित कर्मचारियों की तरह समय पर एरियर सहित देने, छठे एवं सातवें वेतनमान तथा कोरोना काल के लंबित एरियर का ब्याज सहित भुगतान करने, आयु आधारित अतिरिक्त पेंशन में संशोधन, दिवंगत पेंशनर्स के परिवार को 50 हजार रुपये की अनुग्रह सहायता, वर्ष 2005 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ, जिला एवं संभागीय पेंशन कार्यालय यथावत संचालित रखने, सेवानिवृत्ति अथवा 60 वर्ष की आयु से आयुष्मान योजना का लाभ देने, निजी अस्पतालों में उपचार के दौरान आयुष्मान योजना का पूर्ण लाभ सुनिश्चित करने तथा आठवें वेतन आयोग का लाभ नियमित कर्मचारियों की तर्ज पर पेंशनर्स को भी 1 जनवरी 2026 से प्रदान करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से पेंशनर्स की समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए सभी लंबित मांगों का निराकरण करने अपील की है।

### 'विकसित भारत-जी राम जी' आज होगा लॉन्च



**देवास।** देश के ग्रामीण विकास के इतिहास में 2 जुलाई को एक ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है। 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी 'वीबी-जी राम जी' के राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ 2 जुलाई को जन सम्मेलन सह लॉन्च कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का प्रसारण 2 जुलाई को सुबह 11 बजे होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम सोनकच्छ विकासखंड के ग्राम अगेरा में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित होगा। शासन के निर्देशानुसार जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। ग्रामीणों को नई योजना के नियमों, अधिकारों और तकनीकों के बारे में विस्तार से जागरूक किया जाएगा।

## रोटरी मंडल के वार्षिक अवार्ड समारोह 'आभार' कार्यक्रम में भौंरासा क्लब को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



रोटरी अंतरराष्ट्रीय मंडल -3040 का वार्षिक अवार्ड समारोह 'आभार ' का आयोजन इंदौर के ब्रिलियंट कंवर्सन सेन्टर में मण्डलाध्यक्ष सुशील मल्होत्रा एवं मंडल की प्रथम महिला रुबी मल्होत्रा के मुख्य आतिथ्य एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया। अवार्ड समारोह में मंडल के 125 क्लबों के 500 से अधिक रोटरी सदस्यों को जनहितैषी कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में रोटरी क्लब भौंरासा को वृक्षारोपण , शिक्षक सम्मान, सेनेटरी नैपकिन, वाटर कूलर,हैल्थ चैक अप ,पल्स पोलियों , राष्ट्रीय एवं धार्मिक आयोजन आदि विविध सेवा प्रकल्पों के साथ भव्य रोटरी चौपाल के आयोजन के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान रोटरी क्लब भौंरासा के अध्यक्ष डॉ रूपसिंह नागर, सचिव किशोर वर्मा, वरिष्ठ रोटेरियन कन्हैयालाल खाटवा, प्रदीप मंत्री उपस्थित रहे।

## भौरासा नगर कांग्रेस के अध्यक्ष बने जीवन सिंह ठाकुर, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत और सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर कांग्रेस संगठन को नई जिम्मेदारी मिलने के बाद भौरासा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर (गेंदा) का गर्मजोशी से स्वागत किया। हाल ही में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने जीवन सिंह ठाकुर को भौरासा नगर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया है।

नव नियुक्त नगर कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि वे कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा और सक्रियता से कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही नगर कांग्रेस की नई टीम का गठन किया जाएगा, ताकि संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर छोटे हनुमान चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ठाकुर का पुष्पमालाएं पहनाकर, दुपट्टा ओढ़ाकर, साफा बांधकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत-सम्मान किया।कार्यक्रम में भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, कांतिलाल यादव, नगजीराम यादव, प्रकाश मंत्री, बसंत चावड़ा, भादर सिंह भाटिया, कैलाश सिंह ठाकुर, संदीप चावड़ा, दिनेश यादव (पोलाजागीर), राजेंद्र यादव (मंडलम अध्यक्ष), अर्जुन गुर्जर, रणवीर सिंह गौड़, चांद पठान, धीरेंद्र ठाकुर, जयप्रकाश चौधरी, किशोर ट्रेलर, सोहेल चिश्ती, अरविंद चौधरी, नितिन सारडा, कृष्णा डोडिया, इकबाल शेख, जितेंद्र सेंधव, रविंद्र दांगीया, धीरज चौहान सहित नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रवीण लाहोटी बने सोनकच्छ अभिभाषक संघ अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



सोनकच्छ अभिभाषक संघ के दो वर्षीय कार्यकाल के लिए हुए चुनाव में भौरासा के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण कुमार लाहोटी अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष पद के लिए इस बार त्रिकोणीय मुकाबला हुआ, जिसमें प्रवीण कुमार लाहोटी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 10 मतों से पराजित कर जीत हासिल की।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद भादर सिंह भाटिया, सुरेश मालवीय, भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, पत्रकार अभय देव नागर, नागेश कदम, सुरेश राठौर, रमेश ठाकुर, मुकेश खत्री सहित नगर के जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों ने उनका साफा बांधकर, पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने प्रवीण कुमार लाहोटी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में सोनकच्छ अभिभाषक संघ अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए प्रभावी कार्य करेगा।

### भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सेंधव के जन्मदिवस पर जिले भर में हुआ वृहद स्तर पर पौधावितरण

# वृद्धसेवा, गोसेवा और पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास





जन्मदिन को केवल शुभकामनाओं तक सीमित रखने के बजाय यदि उसे समाजसेवा और जनकल्याण से जोड़ दिया जाए तो वह प्रेरणा का माध्यम बन जाता है। इसी भावना के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सैंधव का जन्मदिवस बुधवार को जिलेभर में सेवा, समर्पण और पर्यावरण संरक्षण के विविध कार्यक्रमों के बीच सादगीपूर्वक मनाया गया। भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने पौधारोपण, बुजुर्गों की सेवा, गौसेवा और पौधों के वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित कर जन्मदिवस को जनसेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के संकल्प दिवस के रूप में मनाया।

जिले के सभी मंडलों एवं शक्ति केंद्रों पर कार्यकर्ताओं ने ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत पौधारोपण किया। प्रत्येक कार्यकर्ता ने एक-एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लिया तथा लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने का संदेश दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता स्थानीय वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां बुजुर्गजनों के साथ आत्मीयता से समय बिताया।

उनके साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस दौरान बुजुर्गों का सम्मान करते हुए उन्हें रेनकोट भेंट किए गए। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों ने केक काटकर डॉ. रायसिंह सैंधव के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सभी बुजुर्गों को मिठाई एवं भोजन प्रसादी वितरित की गई।कार्यक्रम के अगले चरण में सयाजी द्वार पर नागरिकों एवं राहगीरों को विभिन्न प्रजातियों के लगभग 1500 पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों से पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर नागरिक यदि अपने जीवन में एक पौधे का संरक्षण भी सुनिश्चित कर ले, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा बदलाव संभव है।इसके बाद मिल रोड स्थित प्राचीन भोलेनाथ मंदिर परिसर की गौशाला में गौ माता का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। कार्यकर्ताओं ने गौ माता को हरा चारा एवं रोटियां खिलाकर गौसेवा की तथा भारतीय संस्कृति में गौसेवा के महत्व को रेखांकित किया।

इस अवसर पर सेवा, संवेदना और संस्कार को समाज की सबसे बड़ी पूंजी बताया गया।दिनभर चले इन कार्यक्रमों में भाजपा के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों एवं स्नेहीजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने डॉ. रायसिंह सैंधव के जन्मदिवस को जनसेवा, पर्यावरण संरक्षण, गौसेवा और सामाजिक दायित्व के संकल्प के साथ मनाते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार एवं जिला मीडिया सह प्रभारी दिनेश सांखला ने बताया कि जिलेभर में आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जन्मदिवस को सेवा, संस्कार और समाज के प्रति उत्तरदायित्व से जोड़ना था।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ इन आयोजनों में भाग लेकर समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया।

## सिविल अस्पताल में हुआ चिकित्सकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ), आशा कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने चिकित्सकों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उपहार भेंट किए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य ब्लॉक अधिकारी डॉ. अमित नागर ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस महान चिकित्सक एवं पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की स्मृति में मनाया जाता है। चिकित्सा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।कार्यक्रम का संचालन करते हुए बीईई राधेश्याम चौहान ने किया। इस अवसर पर सुपरवाइजर नंदकिशोर मोहवाल, बीपीएम रतन सिंह जामले, नर्सिंग ऑफिसर योगिता योगी, मलेरिया निरीक्षक धर्मदास देवड़ा, भगत सिंह राठौर, चित्रा कौशल, संजय जोशी, अनिल जोशी, मेहरू वास्केल, रेखा नागर, प्रेम वास्केल, आरती सोनी, बाल मुकुंद नागर सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बीसीएम यतिन्द्र बैरागी ने आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### गैर इरादतन हत्या के मामले में युवक को दबोचा

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। कोतवाली थाना में दर्ज मु.अ.सं. 449/2026 के तहत बीएनएस की धारा 105, 191(2), 115(2) एवं 352 में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान आरोपी म.प्र. के जिला दतिया के थाना बसई अंतर्गत ग्राम वरधुवां निवासी अजय वर्मा पुत्र जगदीश वर्मा का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने आरोपी को 30 जून को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत की गई। आरोपी की गिरफ्तारी प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम ने की। पुलिस का कहना है कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

### 14 को होगी जनपद सिंचाई बंधु की बैठक

**ललितपुर।** जनपद में सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों की समीक्षा के लिए जनपद सिंचाई बंधु की बैठक आगामी 14 जुलाई को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में कार्यालय अधिशासी अभियंता, सिंचाई खंड, ललितपुर द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बैठक की जानकारी दी गई है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार 14 जुलाई 2026 (मंगलवार) को पूर्वाह्न 11 बजे से जिला पंचायत सभागार में जनपद सिंचाई बंधु की बैठक आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता शासन द्वारा नामित जनपद सिंचाई बंधु, ललितपुर के उपाध्यक्ष करेंगे। अधिशासी अभियंता ने जनपद सिंचाई बंधु के सभी नामित सदस्यों तथा सिंचाई और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है। बैठक में जनपद की सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति, नहरों की स्थिति, किसानों को सिंचाई के लिए उपलब्ध कराए जा रहे पानी की व्यवस्था, लंबित समस्याओं के निस्तारण तथा आगामी खरीफ सीजन के दौरान बेहतर सिंचाई प्रबंधन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किए जाने की संभावना है।

### एक माह से गली में पसरा है अंधेरा

**गंजबासौदा।** नगर के पचमा बायपास क्षेत्र में विगत एक माह से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी होने से अंधेरा पसरा हुआ है। वार्डवासियों ने बताया कि अंधेरे के चलते उन्हे आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर महिलाओं और बालिकाओं को अंधेरे में निकलने के दौरान असुविधा होती है। यह नगर का प्रमुख बायपास मार्ग है जहां पर पेट्रोल पंप और स्मार्ट पाइंट है।

डीएम सत्य प्रकाश और एसपी मोहम्मद मुस्ताक ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# 15,481 अभ्यर्थी 8 केंद्रों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा देंगे, नकल पर पहरा

लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी)-2026 को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। बुधवार को जीआईसी सभागार में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक ने जोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों और कक्ष निरीक्षकों की बैठक लेकर परीक्षा संचालन से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि यूपीटीईटी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा की शुचिता बनाए रखना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, सजगता और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शासन के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। एसपी मो.मुस्ताक ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक केन्द्र पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाएगी, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। डीआईओएस ओमप्रकाश सिंह ने परीक्षा संचालन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यूपीटीईटी-2026 का आयोजन 2, 3 और 4 जुलाई को किया जाएगा। 2 और 3 जुलाई को परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। वहीं 4 जुलाई को केवल प्रथम पाली में सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक परीक्षा कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में कुल आठ परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज, नेहरू महाविद्यालय (पार्ट-1 एवं पार्ट-2), राजकीय इंटर कॉलेज, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज, रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय तथा पीएन-30 कॉलेज शामिल हैं। इन केन्द्रों पर कुल 15,481 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को सकुशल और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने 8 केन्द्र व्यवस्थापक, 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 8 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 8 सहायक केन्द्र व्यवस्थापक, 16 परीक्षा सहायक तथा 290 कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की है। इसके अतिरिक्त संबंधित संस्थाओं द्वारा 108 कक्ष निरीक्षक भी नामित किए गए हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी रखी जाएगी और सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार, जीआईसी प्रधानाचार्य, सभी परीक्षा केंद्रों के प्रधानाचार्य, जोनल, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट, कक्ष निरीक्षक तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

180 खेत तालाबों का लक्ष्य

# खेत में तालाब बनवाने पर किसानों को 50 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी

सरकार 52,500 रुपए का अनुदान प्रदान करेगी

मछली पालन और सिंघाड़ा उत्पादन से बढ़ेगी आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

अल-नीनो के प्रभाव के चलते इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा और संभावित सूखे की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए किसानों के लिए खेत तालाब योजना को गति दी है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में भूमि संरक्षण इकाई ललितपुर एवं महरौनी के माध्यम से जनपद में 180 खेत तालाबों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना का उद्देश्य वर्षा जल का संरक्षण कर किसानों को सिंचाई की स्थायी सुविधा उपलब्ध कराना तथा सूखे के प्रभाव को कम करना है। योजना के तहत किसान अपने खेत में 22-20-3 मीटर आकार का तालाब बनवा सकेंगे।

तालाब निर्माण की कुल लागत 1.05 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जिस पर सरकार 50 प्रतिशत यानी 52,500 रुपये का अनुदान प्रदान करेगी। यह राशि दो चरणों में किसानों के बैंक खाते में भेजी जाएगी। पहली किस्त 39,375 रुपये तालाब की खुदाई पूरी होने के बाद तथा दूसरी किस्त 13,125 रुपये इनलेट (पानी आने का मार्ग) बनने और सूचना बोर्ड लगाए जाने के बाद जारी की जाएगी। इसके अलावा, खेत तालाब से सिंचाई के लिए इलेक्ट्रिक अथवा डीजल पंपसेट (वाटर लिफ्टिंग डिवाइस) लगाने पर भी सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 15 हजार रुपये तक का अतिरिक्त अनुदान दिया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए किसान के पास कम से कम एक एकड़ कृषि भूमि होना आवश्यक है। साथ ही कृषि विभाग में पंजीकरण और फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य होगी। आवेदन ऑनलाइन करना होगा, जिसके लिए 1,000 रुपये टोकन मनी जमा करनी होगी। आवेदन के बाद 15 दिनों के भीतर कृषि विभाग द्वारा सत्यापन किया जाएगा तथा सत्यापन के बाद 30 दिनों के भीतर तालाब का निर्माण पूरा करना होगा। लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। जिला प्रशासन के अनुसार 180 खेत तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 60 किसान टोकन मनी जमा कर योजना में पंजीकरण करा चुके हैं। शेष लक्ष्य को पूरा करने के लिए इच्छुक किसानों से शीघ्र आवेदन करने की अपील की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि खेत तालाबों के निर्माण से वर्षा जल का संरक्षण होगा, भूजल स्तर में सुधार आएगा तथा किसानों को सिंचाई के लिए वर्षभर पानी उपलब्ध हो सकेगा। इसके साथ ही किसान तालाबों में मछली पालन और सिंघाड़े जैसी जलीय फसलों की खेती कर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकेंगे।

कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक फेरबदल

# गोस्वामी बने नए प्रशासनिक अधिकारी, जैन के सेवानिवृत्त होने के बाद मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर



कलेक्ट्रेट की प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक फेरबदल किया है। प्रशासनिक अधिकारी नरेन्द्र कुमार जैन के सेवानिवृत्त होने के बाद रिक्त हुए पद पर अरविन्द कुमार गोस्वामी को कलेक्ट्रेट का नया प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार प्रशासनिक अधिकारी नरेन्द्र कुमार जैन 30 जून को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं। उनके स्थान पर वर्तमान में तहसील तालबेहट में तैनात प्रशासनिक अधिकारी अरविन्द कुमार गोस्वामी को कलेक्ट्रेट ललितपुर का प्रशासनिक अधिकारी बनाया गया है। आदेश के अनुसार वह प्रशासनिक अधिकारी के दायित्वों के साथ पूर्व की भांति शिकायत पटल का कार्य भी देखते रहेंगे। प्रशासनिक कार्यहित में कलेक्ट्रेट के अन्य कर्मचारियों के कार्यभार में भी आंशिक परिवर्तन किया गया है। प्रीतम लाल साहू, जो पूर्व से एलबीसी, नजूल एवं एआरए पटल का कार्य देख रहे हैं, उन्हें अब अपने मूल राजस्व सहायक पटल का कार्य भी सौंपा गया है। इसी प्रकार सौरभ श्रीवास्तव, जो अपर जिलाधिकारी के पेशकार के रूप में कार्यरत हैं, उन्हें उनके वर्तमान दायित्वों के साथ ईआरके पटल का अतिरिक्त कार्यभार भी दिया गया है। अपर जिलाधिकारी द्वारा जारी कार्यालय आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी नरेन्द्र कुमार जैन को निर्देशित कियाकि वह अपने अधीन सभी पत्रावलियों, अभिलेखों एवं संबंधित कार्यों का विधिवत कार्यभार नवनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें।

# व्यापार के नाम पर पश्चिम बंगाल के युवक से 97 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

थाना नाराहट क्षेत्र के ग्राम खिरिया उबारी में व्यापार में साझेदारी का झांसा देकर पश्चिम बंगाल के एक युवक से 97,404 रुपये की कथित ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पहले पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर कोतवाली थाने में जीरो एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसे बाद में घटनास्थल के आधार पर ललितपुर के नाराहट थाने स्थानांतरित किया गया। स्थानीय पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पश्चिम बंगाल के नादिया जनपद के कृष्णागंज क्षेत्र के इटला उत्तरपरा निवासी अनूप विश्वास पुत्र स्वर्गीय नृपेन विश्वास ने शिकायत में बताया कि वह कुछ समय पूर्व नाराहट थाना क्षेत्र के ग्राम खिरिया उबारी में कार्यरत थे। इसी दौरान उनकी पहचान गांव के राकेश पटेल पुत्र थान सिंह, रितेश पटेल पुत्र श्रीराम तथा मनोहर पटेल पुत्र गरीब पटेल से हुई। आरोप है कि तीनों ने मिलकर उन्हें व्यापार में साझेदारी का प्रस्ताव दिया और अच्छा लाभ होने का भरोसा दिलाया। उनके झांसे में आकर अनूप विश्वास ने आरोपियों को कुल 97,404 रुपये दे दिए। काफी समय बीतने के बाद भी न तो व्यापार शुरू हुआ और न ही रुपये वापस मिले। शिकायत के मुताबिक जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी रुपये लौटाने से मुकर गए और उन्हें अंजाम भुगतने तथा जान से मारने की धमकी देने लगे।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव टीकाकरण अभियान

# 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को सरकारी अस्पतालों में निशुल्क लगेगी वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ललितपुर

किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर) जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग ने जनपद में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर निःशुल्क वैक्सीन लगाई जाएगी। सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि बेटियों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में प्रभावी भूमिका निभाती है और समय पर टीकाकरण से भविष्य में इस गंभीर बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैद्य ने बताया कि अभियान के तहत केवल उन्हीं किशोरियों को टीका लगाया जाएगा, जिनका 14वां जन्मदिन पूरा हो चुका है तथा 15वां जन्मदिन अभी नहीं हुआ है। विशेषज्ञों के अनुसार इसी आयु वर्ग में यह वैक्सीन सबसे अधिक प्रभावी मानी जाती है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण की सुविधा जिला अस्पताल संबद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय तथा जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) पर प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध रहेगी। निजी अस्पतालों में महंगी कीमत पर उपलब्ध यह वैक्सीन सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों पर पूरी तरह निशुल्क लगाई जा रही है। डा.सौरभ ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में तेजी से बढ़ने वाली गंभीर बीमारियों में शामिल है, लेकिन एचपीवी टीकाकरण और समय-समय पर स्क्रीनिंग के माध्यम से इससे काफी हद तक बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस इस कैंसर का प्रमुख कारण है और समय रहते टीकाकरण कराना सबसे प्रभावी सुरक्षा उपाय है। सीएमओ ने जिले के सभी अभिभावकों और नागरिकों से अपील की है कि वह पात्र किशोरियों को नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाकर एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं तथा इस अभियान की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर बेटियों को गंभीर बीमारी से बचाने में सहयोग करें।

# मरीजों को नए अस्पताल का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶गंजबासौदा



नगर के त्योंदा रोड स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी में बना 150 बिस्तरों का अत्याधुनिक अस्पताल तैयार होने के बावजूद अब तक शुरू नहीं हो सका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उद्घाटन के बाद मंडी बोर्ड और ठेकेदार के बीच तय शर्तें पूरी नहीं होने से निर्माण कार्य अधूरा रह गया।

# निशुल्क नेत्र शिविर में की 124 की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶गंजबासौदा

स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर नकुलनाथ पूर्व सांसद के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सेवा दिवस के रूप में लगाया गया। शिविर में डॉ. धर्मेंद्र अहिरवार ने 124 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 31 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। शिविर में जिनको भी मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनको भी ऑपरेशन क्े लिए आनंदपुर भेजा गया। कैंप प्रभारी अहिरवार के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 29 चश्मों का निशुल्क वितरण किया। ट्रस्ट ने 31 मरीजों को दवाइयां वितरित की, 33 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले, मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई।

# गोवर्धन में नौलखी खालसा श्रीमहंत सुनाएंगे मर्यादा पुरुषोत्तम की कथा

**गंजबासौदा।** श्री द्वारिकेश लाल प्रभु के मंगल पाटोत्सव के पावन अवसर पर ब्रजभूमि गोवर्धन में सात दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ 2 जुलाई से होगा। नगर के नौलखी खालसा श्रीमहंत एवं सुप्रसिद्ध कथा व्यास राम मनोहरदास महाराज प्रतिदिन भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्म, भक्ति और मर्यादा की अमृतमयी कथा का रसपान कराएंगे। कथा 8 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से वेद विद्या संस्थान गोवर्धन हरिपुरा में आयोजित होगी।

मदरसे में मारपीट के दौरान भाग आए थे बच्चे

# बच्चों को थाना प्रभारी ने परिजनों को सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶गंजबासौदा

नगर के समीपस्थ ग्राम फरीदपुर डायला गांव में संचालित एक मदरसे से तीन नाबालिग बच्चे मंगलवार सुबह बिना बताए बाहर आ गए। वे सड़क किनारे चलते हुए मदरसे से काफी दूर निकल आए। मार्ग से गुजर रहे लोगों ने जब इन बच्चों को देखा तो उनसे पूछताछ की। बच्चों ने बताया कि वे मदरसे से आए हैं। इसके बाद लोगों ने तीनों बच्चों को सुरक्षित रूप से शहर थाना पुलिस के हवाले कर दिया। शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बच्चों से बातचीत की, उनके परिजनों के नंबर लिए और फोन पर सूचना दी। दोपहर के समय परिजन थाने पहुंचे और अपने बच्चों को सकुशल अपने साथ ले गए। बच्चों से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि मदरसे में पढ़ने वाले मौलवी ने उनके साथ पाइप से मारपीट की थी। इससे वे काफी डर गए थे। इसी डर के कारण तीनों ने सामूहिक रूप से मदरसा छोड़ने की योजना बनाई और सुबह के समय एक साथ मदरसे से निकल गए। इस संबंध में शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि बच्चों के परिजनों को बुलाया गया था और परिजनों ने इस संबंध में थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। इसलिए बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### ऑटो चालकों की बैठक संपन्न



**गंजबासौदा।** डॉल्फिन विद्यालय में नवांकुर, डॉल्फिन के ऑटो चालकों से बच्चों की सुरक्षा को लेकर एसडीओपी शिखा भलावी ने सीधा संवाद कर बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि बच्चों को सुरक्षित विद्यालय व उनको घर वापिस ले जाना सभी की जिम्मेदारी है। ऑटो या वाहन में बच्चों की सुरक्षा से संबंधित सारी व्यवस्था होनी चाहिए। जब तक बच्चे आपके पास हैं तब तक आप ही उनके पालक हैं , सभी चालकों के पास, यूनिफॉर्म, पुलिस वेरिफिकेशन, वाहन का रजिस्ट्रेशन, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस, फिटनेस आदि होना चाहिए। इस अवसर पर नवांकुर प्राचार्य शैलेन्द्र दीक्षित, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप जेटली सहित विद्यालयीन स्टॉफ एवं ऑटो चालक मौजूद थे।

# नगरपालिका सीएमओ ने बरेठ रोड के सब्जी मार्केट और ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया



**गंजबासौदा।** मंगलवार को नगरपालिका सीएमओ अशोक वर्मा ने नगरपालिका अमले के साथ बरेठ रोड स्थित सब्जी मार्केट का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां पर साफ, सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। नगरपालिका सीएमओ ने मौके पर मौजूद रहते हुए नपा सफाई कर्मियों से सब्जी मार्केट की साफ, सफाई कराई। इस दौरान बड़ी मात्रा में कचरा निकला। जिसे नपा के वाहनों से भरकर फिंकवाया गया।



इसके बाद नपा सीएमओ अशोक वर्मा ने नपा अमले के साथ भड़ेरु में बने ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान नगरपालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने की ऑटो चालकों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶गंजबासौदा



मंगलवार दोपहर के समय यातायात पुलिस ने स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले ऑटो चालकों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया। यह अभियान नवांकुर स्कूल गली और मंशापूर्ण हनुमान मंदिर गली में चलाया गया, जहां यातायात पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को स्कूल ले जा रहे ऑटो को रोककर पूछताछ की। इस दौरान वाहन चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि शैक्षणिक सत्र शुरू होने के बाद बच्चों को सुरक्षित स्कूल और स्कूल से घर पहुंचाने के लिए यह विशेष जांच अभियान चलाया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ऑटो चालक सुरक्षा नियमों का पालन करें। जांच के दौरान ऑटो चालकों को हिदायत दी गई कि वे ऑटो के दोनों तरफ और पीछे की तरफ अनिवार्य रूप से जालियां लगाएं। साथ ही उन्हें समय पर बच्चों को घर से स्कूल छोड़ने के लिए कहा गया, ताकि देरी होने की स्थिति में तेज गति से वाहन चलाने से बचा जा सके, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कम हो। ऑटो में जितनी बच्चों को बैठने की क्षमता है, उतने ही बच्चों को बिठाया जाए। सभी ऑटो चालकों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे नशे में वाहन न चलाएं। यातायात पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि कोई ऑटो चालक नशे में वाहन चलाते हुए पाया जाता है, तो उस पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शाम के समय चलाऐ गए वाहन चैकिंग अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा दो ऑटो चालकों पर 1000 रुपए का जुर्माना आरोपित कर वसूल किया गया। शेष को समझाइश दी गई।

### लगा देर तक जाम

**गंजबासौदा।** मंगलवार को शाम के समय पचमा बायपास मार्ग पर भारी वाहनों के फंस जाने से जाम लग गया। जिसमें देर तक वाहन चालक फंसे रहे और जाम हटने का इंतजार करते रहे।

भैंसवा माता से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बड़ा संदेश

# जल संरक्षण अभियान जारी रहेगा, किसानों को आधुनिक कृषि से जोड़ने पर जोर

## 252 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन, लोकार्पण, विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन के साथ ही राज्य मंत्री गौतम टेटवाल की मांग पर प्रस्तावित कार्यों के लिए घोषणा





हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

राजगढ़ जिले के भैंसवा माता में मंगलवार को आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के तीसरे चरण के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव के साथ पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस दौरान राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने उनकी अगवानी की। मुख्यमंत्री एवं मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने सर्वप्रथम मां बिजासन का पूजन कर दूध तलाई में जल पूजन किया एवं वृक्षारोपण कर मंच पर पहुंचे। जहां दीप प्रज्वलित कर कन्या पूजन किया।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने देते हुए विभिन्न विकास कार्य के लिए राशि की मांग की, इसी दौरान पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने विकास को लेकर अपनी बात रखी। वहीं सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल ही प्रकृति और जीवन का आधार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान का औपचारिक समापन हो रहा है, लेकिन प्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। पूर्वजों द्वारा निर्मित जल संरचनाओं का संरक्षण और संवर्धन करना हम सभी का दायित्व है। 19 मार्च से लगभग 100 दिनों तक चले जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 10 हजार 514 करोड़ रुपये की लागत से 3 लाख 63 हजार जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य हुए जनसहभागिता से यह अभियान सफल हुआ है और राजगढ़ जिले का उत्कृष्ट कार्य देशभर में सराहा गया है। भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश के छह सर्वश्रेष्ठ जिलों में राजगढ़ का चयन होना जिले के लिए गौरव की बात है।

### 252 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत के 31 विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 252 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत के 31 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन कर भैंसवा माता क्षेत्र के विकास के लिए 20 करोड़ रुपये की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि किसानों की समृद्धि का आधार सिंचाई है और सरकार हर खेत तक पानी पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों, महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया।



### एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा

इसी अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) योजना के तहत कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देते हुए नरसिंहगढ़ विकासखंड के ग्राम आंदलहेड़ा निवासी हितग्राही रंजीत सिंह कुशवाह को 20 हॉर्सपावर ट्रैक्टर की प्रतीकात्मक चाबी प्रदान की। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग से खेती की लागत कम होगी, समय की बचत होगी तथा उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि होगी। सरकार का लक्ष्य प्रत्येक किसान को तकनीक आधारित खेती से जोड़कर आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाना है। हितग्राही रंजीत सिंह ने ट्रैक्टर मिलने पर मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे खेती के कार्य अधिक सुगमता और समयबद्ध तरीके से हो सकेंगे तथा आर्थिक लाभ भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण, कृषि आधुनिकीकरण और ग्रामीण विकास को प्रदेश सरकार की प्राथमिकता बताते हुए सभी नागरिकों से इन अभियानों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष मोहन नागर, सांसद रोडमल नागर, जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, विधायक अमरसिंह यादव, विधायक मोहन शर्मा, विधायक हजारीलाल दांगी, कमिश्नर कर्मवीर शर्मा, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमेंद्र गोविल सहित जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी एवं अभियान से जुड़े कार्यकर्ता सरपंच आदि उपस्थित थे।

ज्यादा बिल आने पर बढ़ा आक्रोश

## राजगढ़ के कई लोगों ने स्मार्ट मीटर फोड़े, किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रदेश के अलग-अलग शहरों में विद्युत विभाग द्वारा बिजली उपभोक्ताओं के विरोध के बावजूद लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध अब सड़कों पर उतर आया है। राजगढ़ जिला मुख्यालय पर मंगलवार दोपहर दो, तीन मोहल्लों के एक सैकड़ा से अधिक लोगों ने अपने घरों के बाहर लग रहे मीटरों को तोड़-फोड़ दिया और मेन चौराहे पर विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

नगर के बांसवाड़ा, संकट मोचन कॉलोनी के घरों में लगाए गए मीटरों में जब हजारों के बिल आए तो बिजली उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। उक्त कॉलोनियों, बस्तियों में अधिकांश गरीबी रेखा सूची से नीचे वाले रहवासी निवासरत हैं। विभाग ने यहां लोगों की मर्जी के खिलाफ स्मार्ट मीटर लगा दिए। कहा गया था कि यह सबके हित में है लेकिन जिन उभोभोक्ताओं का पहले 200 रुपए महीने बिल आता था उनके यहां जब डेढ़ से 2 हजार के बिल पहुंचे तो सबका आक्रोश फूट पड़ा। सभी ने अपने घरों के बाहर लगे मीटरों को तोड़फोड़ डाला। महिलाएं ज्यादा आक्रोशित नजर आईं।

### भरी बारिश में प्रदर्शन

करीब एक सैकड़ा से अधिक उपभोक्ताओं अपने मीटरों को निकालकर नारेबाजी करते हुए अधीक्षण यंत्री के दफ्तर के लिए रवाना हुए। इस बीच बिरसा मुंडा चौराहे पर मीटरों को फोड़कर विभाग के खिलाफ नारेबाजी की गई। महिलाओं का कहना था कि जब घर में खाने तक को मोहताज हैं तो हम हजारों का बिल कैसे भरेंगे।

मवेशी को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हुई कार

## सड़क हादसे में गर्भवती महिला गर्भस्थ शिशु और ससुर की मौत





हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

गनियारी के पास सोमवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में सात आठ माह की गर्भवती महिला, उसके गर्भस्थ शिशु और ससुर की मौत हो गई, जबकि उनके साथ बाइक पर सवार एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब पचोर की ओर से आ रही स्विफ्ट कार (एमपी 09 एमई 9000) सड़क पर बैठे आवारा मवेशी को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक कार के साथ काफी दूर तक घिसटती चली गई।

जानकारी के अनुसार कड़िया सासी निवासी निमो (26), पत्नी अमन, गर्भावस्था की जांच कराने भोपाल गई थी। उसके साथ गांव की 16 वर्षीय जिया गौतम भी थी। देर होने के कारण पचोर मार्ग की बस नहीं मिली, जिसके बाद निमो के ससुर जीतमल पिता श्रवण (50) गांव से बोडा बायपास नरसिंहगढ़ बाइक पर दोनों को लेने पहुंचे। तीनों गांव लौट रहे थे। इसी दौरान गनियारी के समीप यह हादसा हो गया। दुर्घटना में जीतमल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल निमो और जिया गौतम को तत्काल सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़ लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को भोपाल रेफर किया गया। भोपाल ले जाते समय रास्ते में ही निमो ने भी दम तोड़ दिया, जबकि जिया गौतम का भोपाल में उपचार जारी है। मंगलवार को गांव में जीतमल, निमो और उसके गर्भस्थ शिशु का अंतिम संस्कार किया गया। एक ही परिवार पर टूटे इस दुख के पहाड़ से पूरे कड़िया सासी गांव में शोक की लहर छा गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। बारिश में बढ़ रहा आवारा मवेशियों का खतरा स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क पर मवेशियों से पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। बारिश के मौसम में खेतों में फसल होने ओर कीचड़ होने के कारण आवारा मवेशियों के बैठने के लिए स्थान नहीं बचता, जिससे वे सड़कों पर ही डेरा जमा लेते हैं। स्थायी व्यवस्था के अभाव में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा मवेशियों के लिए स्थायी आश्रय और प्रभावी प्रबंधन की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़ पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को भोपाल रेफर किया गया। दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु हुई है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर मामला दर्ज कर लिया गया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, विधायक ने बूथ पर बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक



**नरसिंहगढ़।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत रविवार को नगर सहित क्षेत्रभर में पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाई गई। अभियान का शुभारंभ विधायक ने अपने निर्धारित बूथ पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया तथा अभिभावकों से अपील की कि वे अपने सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। नगर में अभियान के लिए कुल 36 बूथ बनाए गए हैं, जिनमें 3 मोबाइल बूथ भी शामिल हैं। मोबाइल टीमों को बस स्टैंड के दो स्थानों तथा बैरसिया नाका पर तैनात किया गया, ताकि यात्रा कर रहे या बूथ तक नहीं पहुंच पाने वाले बच्चों को भी पोलियो की खुराक दी जा सके। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने पूरे दिन अभियान चलाकर अधिक से अधिक बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित की।

### नए आंगनबाड़ी भवन स्कूल परिसर में बनाए जाएं: कलेक्टर

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जिले में निर्मित किए जाने वाले सभी नवीन आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर स्कूल परिसरों में ही कराया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का लाभ मिल सके। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) को आंगनबाड़ी केंद्र भवनों के लिए आवश्यक भूमि आबंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ऐसे स्थलों का चयन किया जाए, जहां बच्चों को सुगमता से सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

## खारपा में बिजली गिरने से बंदर की मौत, ग्रामीणों ने निकाली शवयात्रा

विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

समीपस्थ गांव खारपा में आकाशीय बिजली गिरने से एक बंदर की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक गांव के राम मंदिर के पास स्थित एक पेड़ पर बंदर बैठा था। इसी दौरान अचानक अकाषीय बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने दुख प्रकट करते हुए बंदर की शवयात्रा निकाली। सुंदरकांड समिति के सदस्यों ने भजन-कीर्तन करते हुए शवयात्रा मुक्तिधाम तक ले जाकर पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। शवयात्रा की प्रमुख विशेषता यह रही कि इसमें महिलाओं सहित युवा वर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुआ।

### पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को दी साइबर जानकारी

**जीरापुर।** शासकीय सिविल अस्पताल में सैफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के तहत पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न जानकारी दी गई। जहां पर उपस्थित कर्मचारियों को साइबर अपराध के संबंध में समझाया गया तथा किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करने की सलाह देते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की एपीके फाइल मोबाइल में आने पर उसे डाउनलोड नहीं करे। अगर किसी भी व्यक्ति के साथ फ्रॉड या धोखाधड़ी जैसी घटना होती है तो साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें ताकि अपराध पर कार्रवाई हो सके। इस दौरान थाना प्रभारी होकमसिंह मीणा, एसआई दिनेश महावर तथा बीएमओ डॉ सुनील चौरसिया सहित अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

## छात्रों के जाति प्रमाणपत्र देने में विदिशा आगे

### कलेक्टर की पहल पर तहसीलों के चक्कर काटने से बचे छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में जिलेभर के स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके चलते जिले के करीब 1 लाख से अधिक बच्चों में से 87 हजार से अधिक बच्चों को जाति प्रमाण पत्र बनाकर प्रदान किए जा चुके हैं।

स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने से पहले जाति प्रमाण पत्र बनवाने तहसीलों में चक्कर लगाते देखे जाते हैं। इस बार विदिशा के यह अनूठा कार्य कलेक्टर के प्रयासों से हुआ।

जिला शिक्षा केंद्र द्वारा 25 जून 2026 तक जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत कुल 1 लाख 3 हजार 640 विद्यार्थियों में से 87 हजार 928 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र तैयार किए जा चुके हैं। यह कुल विद्यार्थियों का लगभग 85 प्रतिशत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अभी 15 हजार 712 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र बनाए जाना शेष हैं। इन विद्यार्थियों के लिए तहसील स्तर पर आवेदन प्रक्रिया लगातार संचालित की जा रही है। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य में छात्रवृत्ति, शैक्षणिक योजनाओं तथा अन्य शासकीय सुविधाओं का लाभ सहजता से उपलब्ध कराना है। जिला प्रशासन द्वारा शेष विद्यार्थियों के प्रमाण-पत्र बनाने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। विदिशा में 13 हजार 446 विद्यार्थियों में से 11 हजार 422 छात्रों के प्रमाण-पत्र तैयार किए जा चुके हैं।

### गंजबासौदा, नटेरन, ग्यारसपुर सहित अन्य तहसीलों में दिए जा चुके

बसौदा तहसील में 12 हजार 443 विद्यार्थियों में से 11 हजार 83 तथा त्योंदा तहसील में 4 हजार 166 में से 3211 विद्यार्थियों के प्रमाण-पत्र तैयार किए गए हैं। ग्यारसपुर तहसील में 5 हजार 206 में से 4हजार 313 तथा गुलाबगंज में 3 हजार 256 में से 3 हजार 37 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र बनाए जा चुके हैं। सिरोंज तहसील में 19 हजार 684 विद्यार्थियों में से 17 हजार 984, लटेरी में 16 हजार 601 में से 14 हजार 306 तथा नटेरन में 8 हजार 80 में से 7 हजार 401 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र तैयार किए जा चुके हैं।

### शमशाबाद, कुरवाई सहित पठारी तहसीलों में बन चुके हैं प्रमाणपत्र

कुरवाई एवं पठारी तहसीलों में भी कार्य प्रगति पर है। कुरवाई में 9 हजार 487 विद्यार्थियों में से 6 हजार 249 तथा पठारी में 2 हजार 541 में से 1 हजार 298 विद्यार्थियों के प्रमाण-पत्र तैयार किए गए हैं। शमशाबाद तहसील में 8 हजार 730 में से 7 हजार 624 विद्यार्थियों के जाति प्रमाण-पत्र बन चुके हैं। अभियान के अंतर्गत विभिन्न तहसीलों से कुल 12 हजार 486 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 5 हजार 297 आवेदन ऑनलाइन दर्ज किए गए तथा 1 हजार 25 छात्रों के जाति प्रमाण-पत्र जारी किए गए हैं।

## भाजपा की नई कार्यकारिणी सदस्यों संग केंद्रीय मंत्री सिंधिया की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भारतीय जनता पार्टी की नवगठित जिला कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आत्मीय बैठक कर संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर चर्चा की। बैठक में केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने नव नियुक्त पदाधिकारियों परिचय प्राप्त किया और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा का सशक्त प्रतिनिधि है और संगठन के विस्तार के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग से निरंतर संवाद बनाए रखना आवश्यक है।अध्यक्षीय भाषण में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने पार्टी द्वारा संगठन स्तर पर किए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी । जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में नवगठित जिला कार्यकारिणी के सदस्य ,समस्त मोर्चा अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।बैठक का संचालन जिला महामंत्री संतोष धाकड़ व आभार रविन्द्र सिंह रघुवंशी ने किया ।